# हिंदी विवि में नागपुर विद्यापीठ के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

वर्धा, 20 फरवरी, 2025 : राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर गांधीवादी विचार विभाग के अध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने मंगलवार, 18 फरवरी को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण में नागपुर विद्यापीठ के एम.ए. गांधीवादी विचार विभाग के प्रमुख प्रो. प्रमोद वाटकर, अध्यापक डॉ. अपरूप अडावदकर, डॉ. गणेश ढोबळे, प्रो. शिलादित्य सिंह, डॉ. सुनिता चौरासिया, प्रो. धम्मप्रकाश वैद्य, प्रो. कीर्ती कालसर्पे, प्रो. पोर्णिमा वानखडे, सर्वोदय आश्रम नागपुर के अरूण रामकृष्ण देशपांडे सहित विद्यार्थियों ने गांधी हिल्स का भ्रमण कर सर्वधर्म प्रार्थना की। उनके स्वागत में महादेवी वर्मा सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ उन्हें विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियां एवं विभिन्न उपक्रमों की जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार, संस्कृति विद्यापीठ के पूर्व अधिष्ठाता एवं गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, साहित्य विद्यापीठ के डॉ. उमेश कुमार सिंह, पूर्व छात्र पद्माकर बाविस्कर उपस्थित थे।




महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय
हिंदी विश्वविद्यालय
वर्धा
MGAHV, Wardha